## एक नजर में

### राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन



**बुरहानपुर।** शासन के निर्देशानुसार प्रतिमाह के प्रथम कार्यालयीन दिवस पर राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के निर्देश है। निर्देशों के परिपालन में नववर्ष माह जनवरी 2026 के प्रथम कार्यालयीन दिवस पर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में अधिकारियों.कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान जन गण मन का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान ने उपस्थितजनों को नववर्ष.2026 की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सामूहिक गायन में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### पतंगें बिजली लाइनों से दूर उड़ाने की अपील



**बुरहानपुर।** नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर आने वाले मकर संक्रांति के त्यौहार में बिजली कंपनी ने पतंगबाजी को बिजली की लाइनों,ट्रांसफार्मरों और पोल से दूर रखने की अपील की है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बताया कि पतंगों और उनके धागों के कारण बिजली की लाइनों में फॉल्ट हो सकता हैए जिससे न केवल विद्युत आपूर्ति बाधित होती हैए बल्कि हादसे का भी खतरा बना रहता है। प्रबंध संचालक ने स्पष्ट किया कि पतंगों में इस्तेमाल होने वाले धागे और बांस की कीमची, दोनों ही बिजली की लाइनों के लिए खतरनाक हो सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि पतंगबाजी करते समय सावधानी बरतें और लाइनोंए ट्रांसफार्मरों तथा पोल से दूर पतंग उड़ाएंए ताकि मकर संक्रांति का त्यौहार सुरक्षित और उल्लासपूर्ण तरीके से मनाया जा सके। कंपनी ने यह भी चेतावनी दी है कि बिजली के तारों या पोल में फंसी पतंग को निकालने का प्रयास न करें। इसके अलावा, गिल्ली डंडे का खेल भी बिजली की लाइनों और डीपी से दूर खेलने का अनुरोध किया गया हैए ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके और विद्युत आपूर्ति में कोई बाधा न उत्पन्न हो।

### सुरक्षाकर्मियों के लिए थानों में आयोजित होंगे शिविर

**बुरहानपुर।** भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद नई दिल्ली एवं सिक्युरिटी एण्ड इंटेलिजेंस सर्विसेस एसआईएस इंडिया लिमिटेडए पुणेध्दिल्ली द्वारा सुरक्षा सेवाओं के लिए ईच्छुक उम्मीदवारों को प्रशिक्षण उपरांत स्थायी रोजगार उपलब्ध कराने हेतु जिले के विभिन्न थानों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित स्थलों पर आयोजित है। पुलिस विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार 5 जनवरी 2026 को थाना परिसर निंबोलाए 6 जनवरी को थाना परिसर नेपानगर,7 जनवरी को थाना परिसर शाहपुर, 8 जनवरी को चौकी परिसर नावरा, थाना नेपानगर, 9 जनवरी को चौकी परिसर धुलकोट, थाना निंबोला, 14 जनवरी को थाना परिसर खकनार तथा 16 जनवरी को थाना परिसर देड़तलाई , थाना खकनार में शिविर आयोजित किये जा रहे है।

### भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपुल कानगो के पिताजी का निधन,दी श्रद्धांजलि



**बुरहानपुर।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपुल कानगो के पिताजी सतीश कानगो जी का 31 दिसंबर 2025 को रात्री 2.00 बजे दुखद निधन हो गया । इनकी अंतिम यात्रा आज 1 जनवरी 2026 को सुबह 11.00 बजे निवास लखेरवाडी से निकाली जाकर सतीयारा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर पुर्व मंत्री एवं भाजपा विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ,उमा कपुर, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, पुर्व विधायक ठाकुर सुरेन्द्र सिह, नरहरी दिक्षित , गजेन्द्र पाटील, बलनराज नावानी, रूद्रेश्वर एन्डोले, जगदिश कपुर, संभाजी सगरे, पुर्व निगम चेयरमेन किशोर कुमार राठौर, सुभास मोरे, पत्रकार यावलकर, रविन्द्र गावडे आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की।

### नपा के खजाने में पैसा नही, पीआईसी की बैठक में 117 नए प्रस्ताव रखें

**नेपानगर।** नेपानगर नगर पालिका पीआईसी की बैठक शुक्रवार को हुई जिसमें नपा की ओर से एक साथ 117 प्रस्ताव रखे गए इसमें से तीन प्रस्तावों पर आम सहमति नहीं बनी जिनमें एक कर्मचारी की नपा में वापसी और दो की अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित प्रस्ताव था। खास बात यह है कि नपा के खजाने में पैसा नहीं है और प्रस्ताव 117 रख दिए गए। दरअसल लंबे समय बाद नगर पालिका में पीआईसी की बैठक हुई। नगर की सड़कें खराब है, लेकिन इसी पीआईसी बैठक में और नए नए प्रस्ताव ले लिए गए हैं जबकि नपा के पास पर्याप्त फंड नहीं है। राज्य सरकार से मिलने वाली चुंगी क्षतिपूर्ति से ही ज्यादातर कामकाज चलता है तो वहीं कर्मचारियों का वेतन भी इससे ही जारी होता है। ऐसे में नए प्रस्ताव लेने के बाद नपा इसके लिए फंड कहां से जुटाएगी यह विचारणी प्रश्न है। विधायक निधि से मिलने वाली राशि के कुछ कामों को छोड़ दिया जाए तो अन्य कामों के लिए नपा को फंड की आवश्कता होगी।




**रोड, नाला, नाली, सभा मंडप सहित अन्य निर्माण कार्य होंगे:–** पीआईसी की बैठक में 117 प्रस्ताव रखे गए। तीन प्रस्तावों पर कोई सहमति नहीं बनी जबकि जितने निर्माण कार्य हैं उसे लेकर कोई आपत्ति नहीं आईए लेकिन फंड को लेकर सवाल जरूर हुए हैं। इसमें रोडए नालाए नाली निर्माणए सभा मंडप निर्माण सहित अन्य प्रस्ताव शामिल हैं।

**राज्य सरकार को फिर से भेजा जाएगा जमीन हस्तांतरण का प्रस्ताव:–** लंबे समय से वन भूमि को राजस्व भूमि में हस्तांतरित करने का मामला अटका हुआ है। इस बार की पीआईसी की बैठक में एक बार फिर से यही प्रस्ताव रखा गया है जिसमें तय किया गया है कि इसे लेकर फिर एक प्रस्ताव बनाकर राज्य सरकार को भेजा जाएगा, क्योंकि नपा की मूलभूत सुविधाओं का दायित्व नगर पालिका ही निभा रही है। ऐसे में अगर भूमि को स्थानांतरित कर नपा को दिया जाता है तो इससे नपा के आय के साधन ही नहीं बढ़ेंगेए बल्कि लोगों को पीएम आवास योजना का लाभ भी दिया जा सकेगा। बैठक में रजिस्ट्री शुल्क को कम किए जाने को लेकर कलेक्टर को पत्र लिखने, विनियमित कर्मचारियों को नियमित करने सहित अन्य प्रस्तावों पर चर्चा हुई। नगर पालिका अध्यक्ष भारती विनोद पाटील, सीएमओ मोहन सिंह अलावा, पीआईसी सदस्य मौजूद रहे।

# मोती माता मेले में लगी दुकानें व झूले, माता को मिठाई का लगेगा भोग

## सत्यनारायण की कथा के साथ शुरू होंगा 7 दिवसीय मेला, श्रृगार कर महाआरती कल , मंगल भवन का किया लोकार्पण



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** निमाड़ के प्रसिद्ध लोखंडिया मोती माता मेले में झूले सहित अन्य दुकानें लग गई है। शुक्रवार को माता मंदिर में सत्यनारायण की कथाए आरती कर सात प्रकार की मिठाई का भोग लगाया जाएगा। शनिवार को सुबह 8 बजे माता का विशेष श्रृंगार कर महाआरती की जाएगी। इसके बाद प्रसाद वितरण होगा। सुबह 9 बजे से मेले का आयोजन व मन्नत उतारने का दौर शुरू होगा। मोती माता को एक हजार क्विंटल मिठाई चढ़ाई जाएगी।

मेले में माता को खास तौर पर मिठाई की प्रसादी चढ़ाई जाती है। इसके लिए मेले में 150 से ज्यादा मिठाई की दुकानें लगी है। एक दुकान में 20 क्विंटल तक मिठाई बनाई गई है। सभी दुकानों पर इतनी ही मिठाई बनाई गई हैं । छह दिनी मेले में श्रद्धालुओं द्वारा माता को करीब डेढ़ हजार क्विंटल प्रसादी चढ़ाई जाएगी। मेले में डेढ़ हजार से अधिक दुकानें लग चुकी है। आठ बड़े झुले, मौत का कुआं, सर्कस, टॉकीज, मिकी माउस सहित अन्य छोटी.बड़ी मनोरंजन की दुकानें लगी है। लोखंडिया में स्वयंभू मोती माता का प्राचीन मंदिर है। मान्यता है कि माता हर मन्नत पूरी करती है। इसलिए श्रद्धालु यहां मन्नत मांगने आते हैं। मन्नत पूरी होने पर लोग मिठाई व फ्लों से तुलादान करते हैं। मंदिर में तुलादान का विशेष महत्व है।

**6 दिन में करीब पांच लाख भक्त पहुंचेंगे माता के दर्शन करने:–** मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष लक्ष्मण झामू ने बताया हर साल मेले में मप्र सहित महाराष्ट्रए राज्यस्थानए छत्तीसगढ़ और कर्नाटक से भी भक्त माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। 6 दिन में करीब पांच लाख श्रद्धालु माता के दर्शन करेंगे।

**पोष पूर्णिमा पर बड़ी संख्या में आएंगे श्रद्धालु, 7 जनवरी तक मेला:–** 6 दिनी मेला 7 जनवरी तक चलेगा। पोष पूर्णिमा पर 3 जनवरी को विशेष दिन रहेगा। इस दिन माता का विशेष श्रृंगार कर महाआरती की जाएगी। साथ ही मंदिर पर ध्वज चढ़ाया जाएगा। 22 एकड़ में मेले के लिए मंदिर समिति ने सभी जरूरी व्यवस्थाएं की हैं। 12 एकड़ में पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। मंदिर के बाहरी परिसर में महिला.पुरुषों के लिए अलग.अलग रेलिंग लगाई गई है। इससे माता के दर्शन करने में उन्हें सुविधा होगी। मंदिर ट्रस्ट सदस्य ईश्वर जाधव ने बताया माता को मिठाई का प्रसाद चढ़ाया जाता है। यहां तुलादान का विशेष महत्व है। मंदिर पुजारी

बाबू महाराज ने बताया बीमारी दूर करने सहित अन्य परेशानियों को लेकर भक्त यहां मन्नत मानते हैं। समस्या दूर होने पर यहां मिठाई से तुलादान कर माता को मिठाई की प्रसादी चढ़ाते हैं। मेले के दौरान करीब डेढ़ हजार क्विंटल मिठाई की प्रसादी माता को चढ़ाई जाती है। मेला अध्यक्ष वसंत देवराम राठौड़ ने बताया की पहली बार मेले में झूलों के पास चौकी बनाई है। जहां 20 महिलाए पुरुष जवान तैनात रहेंगेए ताकि झूलों के आसपास भीड़ न लगे। निजी अस्पताल के डॉक्टर व कर्मचारी मंदिर परिसर में स्वास्थ्य सुविधा देंगे। साथ ही आंखों की जांच भी की जाएगी। ग्राम पंचायत सचिव ईश्वर महाजन ने बताया ग्राम पंचायत द्वारा सफाई, पानी सहित अन्य व्यवस्थाएं की गई है।

ट्रस्ट सचिव प्रकाश राठौड़ ने बताया की मेले में पांचो दिन दोनों मुख्य मार्गो कों वन वे किया गया हैं। मेले में प्रवेश हेतु सिरपुर हसीनाबाद के रास्ते लोखंडिया तक हैं और मेले से बाहर जाने का रास्ता मातापुर होते हुए डोईफोड़िया हैं। गुरुवार कों नेपानगर एसडीएम, एसडीओपी, खकनार तहसीलदार, खकनार टीआई ने मेले का जायजा लिया।

**25 लाख से बने मंगल भवन का किया लोकार्पण:–** लोखंडिया में ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं की मांग पर 25 लाख राशि से बना मंगल भवन का गुरुवार कों लोकार्पण किया गया । मोती माता मेले के दौरान सैकड़ों किलोमीटर दूरी से माता दर्शन हेतु पधारे ग्रामीणों ओर श्रद्धालुओं को भवन में विश्राम की सुविधा मिलेंगी। इस बिच मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष लक्ष्मण झामु, पुजारी बाबू महाराज, सदस्य ईश्वर जाधव, सरपंच मिक्कूबाई रामदास, पूर्व राज्य मंत्री संजय जाधव, विजय राठौड़, रामराव पवार, अशोक राठौड़, सुदाम पवार सहित मेला समिति ट्रस्ट समिति मौजूद थी।

## सरकार और अध्यापक : एक और चोट, एक और निशान, संचित अवकाशों पर सरकार की कैंची

### सरकार और अध्यापक : एक और चोट, एक और निशान



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पीएमयूएम शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष मुरली मनोहर अरजरिया ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर अध्यापकों के साथ हो रहे अन्याय को तत्काल रोकने की मांग की है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि प्रदेश का अध्यापक वर्ग पहले से ही अनेक प्रशासनिक एवं नीतिगत निर्णयों से आहत है और अब सरकार में बैठे जिम्मेदार लोगों द्वारा अध्यापक हितों पर एक और गहरा प्रहार किया गया है।

अरजरिया ने कहा कि जिन अधिकारों और पात्रताओं को अध्यापकों को नियुक्ति दिनांक से प्राप्त माना गया, उन्हें अब एक.एक कर समाप्त किया जा रहा है। अब तक बीमारी की स्थिति में अध्यापकों को चिकित्सा अवकाश की सुविधा प्राप्त थी। साथ ही ग्रीष्म एवं अन्य अवकाशों के दौरान जब अध्यापकों से शासकीय कार्य कराया जाता था,तो उसके एवज में अर्जित अवकाश प्रदान किया जाता था। इन्हीं आश्वासनों के आधार पर वर्षों से अध्यापकों से अवकाश काल में भी कार्य लिया जाता रहा है। परंतु अब शासन द्वारा एक तरफा फरमान जारी कर दिया गया है।

पोर्टल पर मेडिकल और अर्जित अवकाश की जानकारी भरने से संबंधी जारी किए गए नए दिशा. निर्देशों में,अध्यापक संवर्ग के 2018 के पूर्व ग्रीष्म अवकाश में किए गए कार्य के बदले मिलने वाले अर्जित अवकाश को समाप्त कर दिया गया है। इतना ही नहीं, वर्षों से प्रदत्त और अध्यापकों द्वारा संचित किए गए 2018 के पूर्व के मेडिकल अवकाश भी समाप्त किए जा रहे हैंए जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अन्यायपूर्ण है।

श्री अरजरिया ने कहा कि यह अत्यंत खेदजनक है कि सरकार लगातार शिक्षकों पर प्रहार कर रही है। हर बार कोई न कोई नया विभाजनए नया नियम अथवा कटौती आदेश लाकर अध्यापक वर्ग को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है।

वही जिला अध्यक्ष संतोष निंभोरे ने स्पष्ट शब्दों में कहा हम इस शिक्षक.विरोधी नीति का खुला और सशक्त विरोध करते हैं। सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी जाती है कि यदि अध्यापकों को उनके संवैधानिकए वैधानिक एवं सेवा.संबंधी अधिकारों से वंचित करने की यह प्रक्रिया नहीं रोकी गईए तो इसके परिणामों के लिए सरकार स्वयं जिम्मेदार होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अध्यापक कोई बोझ नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की रीढ़ है। अध्यापक अपने अधिकारों के लिए संगठित हैंए सजग हैं और संघर्ष के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## कृषि उपज मंडी समिति बुरहानपुर में सेवानिवृत्ति पर रतिराम महाजन को ससम्मान विदाई



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** कृषि उपज मंडी समिति बुरहानपुर में रतिराम महाजन की सेवानिवृत्ति पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई उपरोक्त जानकारी देते हुए कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने बताया कि मंडी समिति के कार्यरत कर्मचारी सब इंस्पेक्टर रतिराम महाजन के सेवानिवृत्ति पर शानदार विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

जिसमें कार्यक्रम के अध्यक्षता मंडी सचिव भूपेन सोलंकी ने की मुख्य अतिथि प्रांत अध्यक्ष संतोष सिंह दीक्षित एवं विशेष अतिथि माली समाज के अध्यक्ष गणेश दादाराव महाजन थे । इस अवसर पर सभी मंडी कर्मचारी, व्यापारी एवं समाज गंन द्वारा पुष्पहार शॉल श्री फल से सम्मान किया गया , अभिनंदन किया गया।

रतिराम महाजन ने 34 वर्ष मंडी समिति बुरहानपुर में नौकरी की और पूरी नौकरी के दौरान बेदाग होकर सेवानिवृत हुए काजल की कोठरी से बेदाग निकालना सबसे बड़ी उपलब्धि है उनके जीवनकाल में होने किसी भी प्रकार का सूचना पत्र तक नहीं मिला ऐसा उनका सहज सरल और मृदुभाषी स्वभाव होने के कारण सबके चहेते रहे। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष विनोद चौधरी, माली समाज शाहपुर की समिति, मंडी स्टाफ के सुनील पाटिल, मनीष गंगराड़े , श्रीकांत गंगराड़े, जयेश श्री रामठेके ,मोहन कीर्तन, दिनेश सोनी, संतोष दलाल, मिलिंद महाजन ,कमलेश चौधरी, जगदीश महाजन सभी ने उनको भावभीनी विदाई दी गई।

## भीमा कोरेगांव : शौर्य दिवस पर नगर में निकली बाइक रैली



**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** हर साल की तरह इस साल भी भीमा कोरेगांव के शहीदों की याद में 1 जनवरी को शौर्य दिवस मनाया गया। इस दौरान नगर में बाइक रैली निकाली गई। यह बाइक रैली सुबह 9 बजे निकली, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अंबेडकर चौराहा पहुंची।

इस दौरान डॉ बीआर अंबेडकर यूथ फाउंडेशन के अध्यक्ष सुनील मोरे, सचिव प्रणव गवली, सह सचिव अकरम खान, कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ तायड़े, सलाहकार प्रभाकर अड़कमोल, सदस्य योगेश अटकड़े, रोहित सोनवणे, सतीश रजाने, भीमराव गायकवाड़, संजय बिराड़े, राज कासरे, महेंद्र मेढ़े, भास्कर इंगले, प्रमोद पगारे सहित अन्य समाजजन उपस्थित थे।

## महापौर ने प्रिया टंडन को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किया



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** दिवंगत कर्मचारी स्व प्रतीक टंडन सहायक राजस्व निरीक्षक की पत्नी श्रीमती प्रिया स्व प्रतीक टंडन को सहायक ग्रेड 03 के पद पर अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर महापौर माधुरी अतुल पटेल ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें कहा कि आप अपना कार्य नगर निगम हित में व पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करे। इस अवसर पर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ,लेखा अधिकारी विक्रम पोरवाल, जन संपर्क अधिकारी हरिश मोरे आदि उपस्थित थे।

## नवनियुक्त पदाधिकारियों का जिला कांग्रेस द्वारा स्वागत, संगठन मजबूत करने का संकल्प




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी बुरहानपुर के जिला कांग्रेस कार्यालय में आज संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष भाई हेमन्त पाटिल एवं सूचना के अधिकार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष के रूप में नियुक्त युवा नेता एडवोकेट हेमन्त यादव सोनवणे का जिला कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू टॉक द्वारा पुष्पहार पहनाकर एवं आत्मीय स्वागत किया गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू टॉक ने दोनों नव नियुक्त अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में पंचायती राज संगठन और सूचना के अधिकार प्रकोष्ठ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने विश्वास जताया किया कि हेमन्त पाटिल और एडवोकेट हेमन्त यादव सोनवणे अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करते हुए कांग्रेस की विचारधारा को गांव.गांव और जन.जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

इस अवसर पर रिंकू टॉक ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी , प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ,सह.प्रभारी श्रीमती ऊषा नायडू, जिला प्रभारी पूर्व विधायक ग्यारसी लाल रावत ,सुश्री मोना कौरव एवं पुनीत टंडन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिल रही है।

स्वागत सम्मान में वरिष्ठ कांग्रेस नेता हमीद काज़ी, ठाकुर सुरेंद्र सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय रघुवंशी, निगम अध्यक्ष श्रीमती अनिता यादव, सलीम कोटनवाला, मुन्ना यादव, अकील औलिया, संजय चौकसे, श्रीमती हर्षराज देवड़ा, श्रीमती योजना देवड़ा, श्रीमती मीनाक्षी महाजन, श्रीमती सरिता भगत, वाजिद इकबाल, फ़्हीम हाशमी, आसिफ खान, असगर चौधरी, शेख आरिफ, आशीष भगत, असलम खान, अरुण महाराज, हमीद डाइमंड सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारीयो ने दोनों नव नियुक्त अध्यक्षों को बधाई देते हुए वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

**भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ . मनोज माने खकनार मंडल प्रवास पर, विभिन्न कार्यक्रमो में हुवे शामील**

# अटल जी के विचार, उनका राष्ट्रवाद और सेवा, समर्पण सभी के लिए सदैव प्रेरणादायक . डॉ . माने

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे भारत देश में अटल स्मृति पर्व का आयोजन बहुत उत्साह के साथ किया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने द्वारा बुरहानपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रो का निरंतर दौरा कर रहे है। इसी कडी में आप अटल जी के शताब्दी वर्ष में 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम को लेकर आप खकनार प्रवास पर रहें ।

खकनार मंडल प्रवास दौरान आपने खकनार जनपद पंचायत खकनार द्वारा भारत रत्न ,पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्व.श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में उनके जीवन पर आयोजीत फोटो प्रदर्शनी का उद्धघाटन नेपानगर विधायक मंजु राजेन्द्र दादु के साथ करते हुवें उसका निरिक्षण किया। इस अवसर पर आपने कहा कि अटल जी के विचार, उनका राष्ट्रवाद और सेवा.समर्पण हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायक रहेगा । उनका जीवन और नेतृत्व देशसेवा व कर्तव्यनिष्ठा का मार्ग दिखाता रहेगा। श्रद्धेय स्व.श्री अटल बिहारी वाजपेई जी ने आमजन की समस्याओं को सुनकर उन्हे अपनी कविताओं के माध्यम से जन जन तक पहुचाने के साथ उनके निराकरण का प्रयास किया। आप बहुमूखी प्रतिभा के धनी रहे है।






इस दौरान नपा विधायक मंजु दादु ने भी संबोधित किया।

जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने स्थानिय गुरूद्वारे पहुचकर मथ्था टेका और वीर बाल दिवस को लेकर श्री गुरूगोविन्दसिह जी के दोनो साहबजादो जोरावरसिह एवं फतेसिह जिनकी उम्र 9 वर्ष एवं 6 वर्ष थी उनकी शहादत को नमन किया। एवं प्रेरक विचार व्यक्त किए।

जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं से बैठक लेकर संगठन में कसावट लाने के साथ उसे मजबुत करने की बात कही। तत्पश्चात डॉ. माने ने पुर्व विघायक सुमित्रा कास्डेकर की देवरानी के निधन पर निवास स्थान पर पहुचकर शोक श्रद्वॉजली अर्पित की।

भाजपा जिला सह मिडिया प्रभारी राकेश कुमार पुर्वे ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोजजी माने के खकनार मंडल प्रवास दौरान नेपनगर विधायक मंजू राजेन्द्र दादू , जिला महामंत्री राहुल जाधव, जिला पंचायत सदस्य अशोक पटेल ,पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील वाद्ये , मंडल अध्यक्ष महेन्द्र जोगी , जनपद पंचायत प्रतिनिधि निलेश चौकसे ,पुर्व मंडल अध्यक्ष निलेश सामारकर, सुनील कुमार श्रीवास्तव ,जसपाल सिंह पटवा , ओम चौकसे , सागर राजोरीया आदि उपस्थित थे।